# UNIVERSITY NEWS 16 JULY 2026

TIMES OF INDIA

# UP to get 1st green skills & applied AI centre of excellence

Isha.Jain@timesofindia.com

**Lucknow:** Uttar Pradesh is set to get its first Green Skills and Applied AI for Climate Action Centre of Excellence (CoE) at Lucknow University, aiming to build a future-ready workforce for India's green economy.

The Lucknow CoE will be the second among five such centres planned nationwide under the Green Skills and Applied AI for Climate Action programme, a joint initiative by 1M1B and Microsoft in collaboration with the Ministry of

**AT LKO UNIV**

Electronics and Information Technology (MeitY). UP will host two centres, with another planned in Noida, while the remaining centres are to come up in Shillong and Hyderabad.

It will be inaugurated this week. The Lucknow centre will train young people in industry-relevant skills spanning applied AI, climate technologies, renewable energy and sustainability. The facility will include dedicated experiential learning zones focused on solar energy, electric vehicles, wind energy, climate technologies and applied AI.

The initiative aims at engaging and training 1 lakh youth in Green Skills and Applied AI by 2030, beginning with 20,000 learners in the first year. It also aims to support the development of more than 50 applied AI-powered climate innovation solutions and create pathways to 50,000 jobs, internships, apprenticeships and livelihood opportunities.

Participants at the Lucknow CoE will work on real-world problems through innovation cohorts, AI-enabled climate projects and industry-led learning experiences. The model is designed to connect academic learning with practical application and employability outcomes. Prof Puneet Mishra from LU's department of computer science said, "The Centre is not just a skilling facility, it is where young people will learn, build and deploy Applied AI solutions for climate, industry and society."

"This COE, is poised to build a future-ready talent pipeline in UP by equipping youth with in-demand AI and green skills, empowering them to develop locally relevant solutions addressing pressing climate challenges," said Manju Dhasmana, senior director - Elevate CSR, Microsoft.

1M1B founder and CEO Manav Subodh said the centre will act as a hub for innovation, skilling and entrepreneurship, positioning Uttar Pradesh as a leader in the emerging AI-powered green economy.

Top-performing participants will be offered incubation support, start-up mentorship, go-to-market opportunities, internships and advanced career pathways.

DAINIK JAGRAN

# एआइ आधारित एप जांचेगा सीवी, दिलाएगा नौकरी के अवसर

## एआइ दिवस आज

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) शिक्षा, चिकित्सा से लेकर अब हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। छात्र-छात्राओं को इसके बारे में प्रशिक्षित करने के लिए एकेटीयू, लखनऊ विश्वविद्यालय सहित अन्य संस्थानों ने इसे अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया है। एकेटीयू के कलाम सेंटर से भी कई ऐसे स्टार्टअप जुड़ गए हैं, जिन्होंने एआइ आधारित तकनीक विकसित की हैं जो लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) दिवस पर ऐसे स्टार्टअप के बारे में अखिल सक्सेना की रिपोर्ट-

## विद्यार्थियों को कौशल आधारित जाब


शिवानी मेहरोत्रा


अपूर्व बजाज

लवि की पूर्व छात्रा शिवानी मेहरोत्रा एवं आइआइटी धनबाद के पूर्व छात्र अपूर्व बजाज ने एडुबुक नाम से एआइ आधारित एप तैयार किया है, जो न सिर्फ लोगों को सीवी बनाना सिखाता है, बल्कि उनके सीवी में दर्ज शैक्षिक विवरण की जांच भी करता है।

अपूर्व बताते हैं कि अमेरिकन कंपनी में नौकरी के बाद 2019 में हैदराबाद से एडुबुक टेक्नोलाजीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खोल स्टार्टअप की शुरुआत की। फिर एकेटीयू के कलाम सेंटर में इसका पंजीकरण कराया। यहां से साढ़े चार लाख रुपये की ग्रांट भी मिली है। एडुबुक एप एआइ और ब्लाकचेन तकनीक पर आधारित है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को एआइ और इमर्जिंग टेक्नोलाजी की ट्रेनिंग दी जाती है। एआइ से टू-सीवी तैयार की जाती है, जिसमें उम्मीदवार के शैक्षणिक रिकार्ड का डिजीलाकर से सत्यापन होता है ताकि फर्जी सूचनाएं दूर की जा सकें। उम्मीदवार की कौशल और योग्यता के आधार पर नौकरियों से उसकी प्रोफाइल का मिलान किया जाता है। फिर कंपनियों और उम्मीदवारों को उनकी मांग के अनुसार विवरण देते हैं।

## एक मिनट में बताएगा सर्विकल कैंसर का स्तर


अभय द्विवेदी


अनामिका

एकेटीयू के कलाम सेंटर में पंजीकृत एआइ आधारित स्टार्टअप टेनप्रिश डायनमिक भी चिकित्सा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएगा। स्टार्टअप की संस्थापक अनामिका मिश्रा और अभय द्विवेदी हैं। अनामिका बताती हैं कि महिलाओं में सर्विकल कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए प्रोटोटाइप माडल तैयार किया गया है।

एआइ साफ्टवेयर आधारित इस एप को मोबाइल में स्टाल किया जाएगा। फिर कैमरे की मदद से फोटो लेकर चंद मिनट में कैंसर की शुरुआत पहचान का पता लगाया जा सकेगा। इसके क्लीनिकल ट्रायल के लिए सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गेनाइजेशन से लाइसेंस मिल गया है। एम्स रायबरेली, केजीएमयू, कमला नेहरू मेमोरियल हास्पिटल प्रयागराज और कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट लखनऊ की एथिक्स कमेटी में प्रस्ताव भेजा गया है। इसके बाद मंजूरी मिलते ही ट्रायल शुरू हो जाएगा। ट्रायल सफल होने के बाद इसे सीधे बाजार में न देकर राज्य सरकार के सहयोग से प्रयोग के लिए सरकारी अस्पताल, सीएसपी और पीएससी में दिया जाएगा।